हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 23 जून, 2025

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.3 डिग्री

10 मातेश्वरी जगदंबा को बीके बहनों ने दी श्रद्धांजलि



10 चातुर्मास हेतु हुआ युवा जैन मुनि का मंगल प्रवेश



## खबर संक्षेप

### साइट से सरिया चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने रेर कलां गांव के पास निर्माणाधीन साइट से सरिया चोरी करने के दो आरोपियों को रिफाइनरी रोड स्थित फ्लाई ओवर पूल के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान करनाल के घरौंडा के प्रेम नगर निवासी रॉकी उर्फ रोकी व गुरदास उर्फ विक्की के रूप में हुई है। थाना सदर में अंसल निवासी संदीप पुत्र सोहन लाल ने बताया था कि उनकी रेर कला गांव के पास जमीन है जिसकी चारदीवारी का काम चल रहा है। करनाल के बरसत प्रेम नगर निवासी रॉकी उर्फ विक्की, गुरदास, लघु, सुभाष, गुरदीप व एक दो अन्य लडक़े सरिया कटिंग व मुडाई के काम पर आते थे। उन्हें इन सभी पर सरिया चोरी का शक हो गया था। गत 11 जून को सुबह करीब 7 बजे वह साइट पर पहुंचा तो देखा यह सभी लडक़े सरिया काट कर कार में लोड कर रहे थे। उसे देखकर वे फरार हो गए।

### 10.5 ग्राम स्मैक सहित नशा तस्कर गिरफ्तार



**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने राणा माजरा गांव के बंधा के पास एक नशा तस्कर को 10.5 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान राणा माजरा गांव निवासी जाखिर के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि उनकी एक टीम शनिवार को सूचना के आधार पर राणा माजरा गांव निवासी जाखिर मादक पदार्थ के गांव में कब्रिस्तान के पास बंधा के नजदीक से पकड़ा तथा ड्यूटी मेजिस्ट्रेट की मौजूदगी में युवक की तलाशी ली तो जेब में पन्नी से 10.5 ग्राम स्मैक मादक पदार्थ बरामद हुआ। आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस डिमांड पर लिया गया है।

### भैणी खुर्द में किसानों ने चोर को रंगे हाथों पकड़ा

**करनाल।** गांव भैणी खुर्द में रविवार को किसानों ने खेतों में कॉपर वायर जला रहे एक युवक को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी की पहचान रोहित निवासी धौलगढ़ के रूप में हुई है। युवक खेतों से तार चोरी करके कॉपर निकालने की फिराक में था। किसानों ने युवक को एक पेड़ से बांधकर डायल-112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले गई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि यह उसकी तीसरी चोरी है। इससे पहले वह एक बार मोबाइल और दो बार कॉपर वायर की चोरी कर चुका है। वह रात के समय खेतों से तारें चुराता और फिर उन्हें जला कर कॉपर अलग कर बेच देता है।

## कुरुक्षेत्र के सांसद ने रादौर में सुनीं लोगों की समस्याएं


# यमुना में दूषित पानी रोकने के लिए अधिकारी बनाएं योजनाएं : जिंदल

### नदी में सीवरेज व गंदे नालों का डाला जा रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

- हरियाणा से होकर दिल्ली में जाता है यमुना नदी का पानी

कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि यमुना नदी में डाले जा रहे गंदे व दूषित पानी से दुनियां की नजर में देश की छवि खराब हो रही है। उन्होंने उक्त शब्द रादौर के विश्रामगृह में कार्यकर्ताओं और आमजन की समस्याएं सुनते हुए कहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यमुना नदी में डाले जा रहे सीवरेज, फैक्ट्रियों व गंदे पानी को रोकने की दिशा में योजना तैयार करने के निर्देश दिए। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि यमुना नदी में दूषित पानी रोकने की दिशा में प्रशासनिक अधिकारी प्लान तैयार करें। इस प्लान को केंद्र व प्रदेश सरकार से मंजूरी दिलाने में वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



**यमुनानगर।** रादौर विश्रामगृह में जन समस्याएं सुनते हुए सांसद नवीन जिंदल।

उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों व एसडीएम को साइट पर जाकर यमुना नदी में कहां पर फैक्ट्रियों, नालों व सीवरेज का पानी डाला जा रहा है, की जांच करने के निर्देश दिए। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि पानी में जहर घोलकर हम अपनी आने वाली नस्लों के साथ अन्याय कर रहे हैं। हरियाणा से होकर यमुना नदी का पानी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जाता है। जिससे देश की छवि दुनिया की नजर में खराब होती है। इसलिए इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि रादौर क्षेत्र में चल रहे मदरसों में बच्चों को उर्दू के साथ अंग्रेजी व साइंस विषय को भी पढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि मुस्लिम समाज अपने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए उच्च गुणवत्ता की शिक्षा दिए जाने की तरफ कदम बढ़ाता है तो वह मदरसों में हर तरह की मदद करने के लिए तैयार हैं।

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि उनका विजन है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले और वह स्किल एजुकेशन के जरिए अपना जीवन संवार सकें। उन्होंने गांव दौलतपुर के नसीम खान की मांग पर मदरसे में बच्चों के लिए शौचालय और कई अन्य साधन उपलब्ध कराने को स्वीकृति दी। सांसद नवीन जिंदल ने अधिकारियों को 11 वर्षीय बच्ची कनव की पैंशन लगाने के निर्देश दिए। कनव ने बताया कि करंट लगने से उसके दोनों हाथ जल गए थे। जिन्हें काटना पड़ा। लेकिन सौ प्रतिशत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र होने के बावजूद भी अभी तक उसकी पेंशन नहीं शुरु की गई है। सांसद ने अधिकारियों को पेंशन की सभी औपचारिकताएं पूरी करवाकर कनव की पैंशन शुरु करवाए जाने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने विभिन्न गांवों के लिए खेलों का सामान और विकास कार्यों के लिए लाखों रुपये की स्वीकृति दी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, नेपाल राणा, नपा चेयरमैन रजनीस मेहता, चेयरमैन धर्म सिंह बंचल व अवधेश राणा आदि मौजूद रहे।

## नीलगाय की टक्कर लगने से युवक की मौत, दूसरा घायल

- भयानक हादसे में नीलगाय की भी चली गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। घरौंडा

गोशाला के पास शनिवार की देर रात एक बाइक के सामने नीलगाय आ गई। जिससे बाइक नीलगाय से जा टकराई। जिससे एक युवक की मौत हो गई और दूसरा उसका साथी बुरी तरह से घायल हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्डम करवा कर वारिसो को सौप दिया है। वही घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि फुरलक के आसपास के खेतों में नील गायों की भरमार है और रात को यह दौड़ती हुई सड़कों पर आ जाती है, जो दुर्घटना का कारण बन रही है। शनिवार की रात को फुरलक निवासी दीपक व उसका साथी रवि बाइक पर अपने गांव जा रहे थे। गोशाला के पास अचानक नीलगाय बाइक के सामने आ गई। जिससे बाइक नीलगाय से टकरा गई। टक्कर से बाइक बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गई और नीलगाय की जान भी चली गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। जिसने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर दीपक कुमार को मृत घोषित कर दिया और रवि को पीजीआईं रेफर कर दिया है।

### करंट से गाय-भैंस की मौत

**यमुनानगर।** गांव ईशरपुर से कलानौर मार्ग पर पशुओं को चराते समय बिजली की टूटे तार से करंट लगने से पशुपालक की एक गाय व भैंस की मौत हो गई। पीड़ित पशुपालक ने प्रशासन से मृत पशुओं का मुआवजा दिलवाने की मांग की है। गांव ईशरपुर निवासी पशुपालक रामकुमार ने बताया कि रविवार दोपहर को वह अपने पशुओं को कलानौर रोड पर चराने के लिए लेकर गया था। वहां पर बिजली की तार टूटी पड़ी थी। जिसमें करंट दौड़ रहा था। चराते समय उसकी एक गाय व भैंस बिजली की टूटी पड़ी तार की चपेट में आ गई और करंट लगने से बुरी तरह से झुलस गई। कुछ देर बाद उसकी गाय व भैंस की मौत हो गई। उसने इस बारे बिजली निगम के कर्मचारियों को सूचित किया। बिजली निगम के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर तार से बिजली की सप्लाई बाधित की। इसके बाद उसने वहां से अपनी मृत पशुओं को उठाया। बिजली की तार कई दिनों से टूटी पड़ी थी मगर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बिजली की टूटी तार को ठीक नहीं किया।

## पांच सेना अधिकारियों के रिहायशी भवनों में एक साथ चोरी की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

- अवकाश पर गए हुए थे ज्यादातर अधिकारी, वापस लौटने पर टूटे मिले ताले

सैन्य क्षेत्र के कई रिहायशी भवनों से चोर हाथ साफ कर गए। ये भवन सेना के बड़े अधिकारियों के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस की मानें तो आरोपियों को जल्द ही काबू किया जाएगा। आरएस एन्क्लेव में हुई इस वारदा में एक साथ 5 अधिकारियों के घरों में चोरी हुई है। ये भवन सेना के मेजर और लेफ्टिनेंट कर्नल के बताए जा रहे हैं। इनमें से अधिकतर सैन्य अधिकारी छुट्टियों पर गए थे। 20 जून को लौटने पर एक अधिकारी ने अपने क्वार्टर के ताले टूटे और सामान बिखरा देखा तो दंग रह गए। इसकी सूचना सेना पुलिस को दी थी। शुरूआती जांच में सामने आया कि चोर ने पास के ही 4 अन्य अधिकारियों के कमरों को भी निशाना बनाया है। सेना पुलिस से सूचना मिलने के बाद तोपखाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और बीएनएस की धारा 305 चोरी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तोपखाना पुलिस ने एक मेजर की शिकायत पर यह कार्रवाई की है। फिलहाल 40 हजार रुपए की चोरी की बात सामने आई है। अन्य अधिकारियों के आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि आखिर क्या-क्या चोरी हुआ। सैन्य क्षेत्र में जिस आरएस एन्क्लेव में चोरी हुई है वहां पर अधिकतर मेजर और लेफ्टिनेंट कर्नल सहित अन्य अधिकारियों के क्वार्टर है। सुरक्षा बंदोबस्त पर नजर मारें तो मुख्य गेट पर 24 घंटे जवानों का पहरा रहता है। यहां तक कि दीवारों पर कंटीली तारें सहित सीसीटीवी से नजर रखी हुई है। बावजूद 5 क्वार्टरों में चोरी होना अपने आप में कई सवाल खड़े कर रहा है। इसको लेकर सेना की इंटेलिजेंस सहित सुरक्षा एजेंसियां चोरों के सुराग में जुट गई है।

### इसराना में ई रिक्शा चालक के साथ लूटपाट

**इसराना।** थाना इसराना क्षेत्र में एक ई.रिक्शा चालक के साथ लूटपाट की घटना सामने आई है। दो बाइक सवारों से मदद मांगने पर उन्होंने ड्राइवर की पिटाई कर दी और सामान छीनकर फरार हो गए।

इसराना गांव के जोगिंदर ने बताया कि वह एक किसान की खराब मोटर लेने गांव बिजावा जा रहे थे। रास्ते में उनके फोन का रिचार्ज खत्म हो गया। उन्होंने दो मोटरसाइकिल सवार युवकों से फोन करने की मदद मांगी। पहले तो युवकों ने मना कर दिया। फिर वे रुके और मोटरसाइकिल से उतर कर जोगिंदर की पिटाई कर दी। आरोपी उनका मोबाइल फोन और ई.रिक्शा की चाबी छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाना इसराना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## स्विमिंग पूल चलाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू

- 10 अस्थायी कर्मचारी रखने की तैयारी, खेल विभाग को आ रही थी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

खेल विभाग ने सरकारी स्विमिंग पूल चलाने के लिए टेंडर जारी किया है। हालांकि टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने तक अब विभाग अस्थायी तौर पर स्टाफ रखने की भी तैयारी कर रहा है। 10 लोगों का अस्थायी स्टाफ रखने की प्रक्रिया को सोमवार से शुरू किया जाएगा।

अंबाला कैंट का ऑल वेदर स्विमिंग पूल आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। माना जा रहा है कि इस साल फीस में बढ़ोतरी हो सकती है लेकिन सबसे अहम है कि टेंडर के लिए कितने ठेकेदार सामने आते हैं। बता दें कि अंबाला कैंट के वार हीरोज स्टेडियम में बना अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऑल वेदर स्विमिंग पूल का टेंडर मार्च में खत्म हो गया था। इसका टेंडर रिन्यू करने अथवा बढ़ाने के लिए डीसी के पास फाइल गई थी लेकिन मामला खेल विभाग के मुख्यालय के पास भेज दिया गया। इसी बीच कुछ लोगों ने प्रदेश के परिवहन मंत्री अनिल विज से पूल न चलने को लेकर बातचीत की। इसके बाद विज ने खेल मंत्री गौरव गौतम से बात की थी। इसके बाद पूल के लिए अस्थायी स्टाफ रखने की प्रक्रिया को शुरू किया। दूसरी ओर बड़ागढ़ स्टेडियम के स्विमिंग पूल को भी चेक नहीं किया गया था जिसके कारण यहां भी इसे शुरू करने में परेशानी थी। यहां स्विमिंग पूल को चलाने के लिए इसका ट्रायल लिया गया है। पूल को पानी से भरा गया और फिर मशीनरी को भी चेक किया गया। यह पूल अब चलाने लायक है। जैसे ही टेंडर फाइनल हो जाता है तो इस पूल के साथ ऑल वेदर स्विमिंग पूल को भी शुरू कर दिया जाएगा। यानी अब दोनों पूल चल सकते हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के लिए भी पूल चलाने को तैयार है।

### दो पुल और कोच एक

खेल विभाग के पास एक कोच है, जबकि दो पूल हैं। ऐसे में एक कोच को ही दोनों पूल की जिम्मेदारी दी जाएगी। हालांकि खेल विभाग की तैयारी है कि बड़ागढ़ स्टेडियम में बने पूल के लिए भी कोच मिल जाए। बता दें कि यहां पर तैराकी कोच तैनात किया गया था लेकिन बाद में उसे पंचकूला वापस बुला लिया गया।

## विदेश भेजने के नाम पर 7 लाख ठगे

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव जुब्बल निवासी सोम कुमार से उसके लड़के को विदेश भेजने के नाम पर सात लाख रुपये हड़प लिए गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

गांव जुब्बल निवासी सोम कुमार ने रादौर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने लड़के को विदेश भेजना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात अभिषेक नामक युवक के साथ हुई। आरोपी ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसके लड़के को भी रोजगार के लिए विदेश भेज देगा और उसे वहां पर रोजगार दिलवा देगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उसे विदेश भेजने के नाम पर सात लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। इस दौरान आरोपी ने अक्टूबर 2023 में उसके पास से सात लाख रुपए और उसके बेटे के दस्तावेज ले लिए। मगर इसके बाद काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

## नडाना नहर में शिशु का शव मिला

**तरावड़ी।** गांव नडाना की नरवाना ब्रांच नहर में एक नवजात शिशु का शव मिला। जानकारी के अनुसार गांव नडाना के कुछ लोग रोजाना की तरह नहर की पटरी पर सैर करने के लिए जा रहे थे। उन्होंने नहर में एक नवजात बच्चे का शव तैरते हुए देखा। उन्होंने तुरंत 112 डायल पुलिस को इसकी सूचना दी सूचना मिलते ही तरावड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत परगट सिंह गोताखोर को भी बुलाया और नवजात शिशु के शव को बाहर निकाला। परगट सिंह गोताखोर ने बताया कि मुझे फोन पर इसकी सूचना मिली और मैं मौके पर पहुंचकर शिशु के शव को निकाला। शिशु का दो-तीन दिन का हो सकता है। उसकी नाड में ग्लूकोज की सुई भी लगी हुई है। शव लडक़े का है, ब्राउन रंग के कपड़े पहने हुए हैं। मौके पर तरावड़ी पुलिस ने के जांच अधिकारी एस आई सुखविंदर सिंह ने बताया शिशु के किसने नहर में फेंका है उसकी तलाश शुरू कर दी है।



**तरावड़ी।** नहर के किनारे पर पुलिस व गोताखोर परगट सिंह शव की जांच पड़ताल करते हुए व नहर में शिशु का शव।

## गंदे नाले में मिला भ्रूण

**यमुनानगर।** जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में गंदे नाले में सात माह का भ्रूण पड़ा मिला। भ्रूण को कुत्ते नोच रहे थे। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल पहुंचाया। बाद में पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। दुर्गा गार्डन जगाधरी निवासी राकेश वर्मा ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि शाम साढ़े चार बजे उन्हें गंदे नाले में एक भ्रूण पड़ा देखा। जिस कुत्ते नोच रहे थे। पहले उन्हें लगा कि किसी जानवर का बच्चा मरा पड़ा है। जब उन्होंने ध्यान से देखा तो वह सात माह का भ्रूण था। जिसे किसी महिला ने पहचान छिपाने के लिए जन्म देने के बाद गंदे नाले में फेंक दिया। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी।

## जत्थेदार झींडा ने कार्यकारिणी समिति की बैठक में रखे गए प्रस्तावों की जानकारी दी

# गुरुद्वारा साहिब की भूमि पर बनेगा एचएसजीएमसी का कार्यालय

- कार सेवा वाले संत महापुरुषों से करवाई जाएगी हेड आफिस का भवन बनाने की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी का हैड ऑफिस अब ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली के परिसर में पड़ी खाली भूमि पर बनाएगा जाएगा। हैड ऑफिस के भवन बनाने का कार्य कार सेवा वाले संत महापुरुषों से करवाई जाएगी। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने पत्रकारों को दी।

कुरुक्षेत्र हैड ऑफिस में रविवार को प्रैसवार्ता के दौरान उन्होंने शनिवार सायं तक चली कार्यकारिणी समिति की बैठक में रखे गए प्रस्तावों की जानकारी दी।



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा।

उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी समिति की बैठक में 63 प्रस्ताव पेश किए गए थे। इन सभी प्रस्तावों पर गहनता से मंथन करने के बाद कुछ प्रस्तावों को स्वीकृत्ति दी गई, जबकि कुछ प्रस्तावों पर विचार विमर्श करने एवं कार्रवाई करने के लिए सब कमेटियां भी गठित की गई है। इस मौके पर उनके साथ कार्यालय पीए एवं एडिशनल सैकेटरी सतपाल सिंह डाचर व अमीर सिंह कुरुक्षेत्र भी मौजूद रहे। जत्थेदार झींडा ने बताया कि धर्मनगरी में सुशोभित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली के निकट हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी फलदार पौधों का बाग लगाएगी। इसके साथ ही श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के पावन चरण छोह प्राप्त अस्थल गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवीं के निकट स्थित पुरातन कुएं (बाउली साहिब) को हरियाणा कमेटी के अधीन लेने के लिए भी एक सब कमेटी बनाई गई है। बैठक में झांसा रोड पर स्थापित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के निकट स्थित पुरातन कुएं (बाउली साहिब) को अधीन लेने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि यह पुरातन कुआं गुरुद्वारा साहिब के पिछली तरफ स्थित हैं और इसे अपने अधीन लेने के लिए श्री स्थाणीवश्वर महादेव मंदिर की कमेटी से बातचीत की जाएगी, जिसका उत्तरदायित्व उपरोकत सब कमेटी को दिया गया है। गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौंवी कुरुक्षेत्र की मलकीयती जमीन को कर्मिशयल बनाने के लिए भी उपरोक्त सब कमेटी काम करेगी। यही नहीं, गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली के निकट खाली करीब तीन एकड़ भूमि पर अलग-अलग फलदार पौधों का बाग लगाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई है। गुरुद्वारा नाडा साहिब के परिसर में पत्थर रगडाई का कार्य कार सेवा वाले संत महापुरुषों से करवाई जाएगी।

### बैठक में ये प्रस्ताव पेश किए गए

झींडा ने बताया कि पंथ अकाली बुड्ढा दल के सफीदो जींद के जत्थेदार हरवेल सिंह द्वारा बधान संबंधी की गई मांग पर विचार करते हुए ए कैटगिरी के गुरुद्वारा साहिब से 51 हजार, बी से 21 हजार का मामले को जरनल हाऊस में लेकर जाया जाएगा। इसके साथ ही संप्रदाय दल बाबा फतेह सिंह जी चक्रवर्ती निहंग सिंघां जत्थेबंदियों के जत्थेदार बाबा शेर सिंह पिहोवा की मांग पर बधान देने का मामला भी जनरल हाऊस में पेश किया जाएगा।

### सराए के लिए प्रधान से करेंगे बातचीत

जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि श्री अमृतसर में श्री दरबार साहिब श्री हरमंदिर साहिब के दर्शन करने के लिए जाने वाले हरियाणा की संगत को सुविधा देने के लिए 200 कमरों की सराएं बनाने का प्रस्ताव भी है। इस संबंध में एसजीपीसी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी एडवोकेट से बातचीत की जाएगी। उनसे 200 कमरों की सराएं बनाने के लिए जगह देने की अपील की जाएगी। यदि वे सहयोग करते हैं, तो अच्छी होगा, अन्यथा इसके बारे में श्रीअकाल तखत साहिब के जत्थेदार साहिब से बातचीत की जाएगी।

### हरियाणावासी कर्मियों को लाएंगे संस्था के अधीन

प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के अधीन ड्यूटी कर रहे कुछ हरियाणावासी कर्मचारियों को हरियाणा कमेटी अपने अधीन लेने के लिए उचित कदम उठाएगी। इस बाबत वे एसजीपीसी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी एडवोकेट से मिल कर बातचीत करेंगे।

## सरस्वती नदी पर डबल पुल शुरू



- अब पुराने पुल को तोड़ेगा सरस्वती बोर्ड : किरमच

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पिहोवा में ड्रेन पर बने डबल पुल को शुरू कर दिया गया है अब पुराने पुल को ड्रने के ऊपर से हटाया जाएगा इसके लिए उपाध्यक्ष ने बीएंडआर विभाग को निर्देश भी दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरस्वती का पानी रोकने और नदी में गंदगी डालेगा वाले पर सख्त कार्रवाई होगी। इस कार्य में शहरवासियों से अपेक्षा है कि वो भी सफाई का ध्यान रखें साथ ही अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए 24 घंटे सतर्क रहने को कहा हैं। सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने पिहोवा क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अब किसी भी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिस भी व्यक्ति या अधिकारी ने सरस्वती के कार्य में कोताही की उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने लोगों से बातचीत करते हुए उनका सरस्वती के महत्व के बारे में समझाया। उन्होंने कॉलोनी वासियों से अपील की कि वे इसमें गंदगी ना डाले और दूसरे व्यक्तियों को भी इसमें गंदगी डालने से रोके। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पिहोवा में सरस्वती नदी के साथ नेशनल हाईवे एक से लेकर गोला तक रिवर फंड तैयार किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में लगाया समर कैंप

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र डी.डी. कॉलोनी में चल रहा तीन दिवसीय व्यक्तित्व विकास समर कैंप सम्पन्न हो गया। इस विशेष शिविर में 8 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों में मानव मूल्य, अनुशासन, आत्म-विश्वास, ध्यान की शक्ति और सकारात्मक सोच को विकसित करना था।

### शिव मंदिर में परमिंदर बाठ का किया स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 3 शिव मंदिर में लिटिल मिलेनियम स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ का पहुंचने पर मंदिर प्रधान जोगिंद्र सिंह चौहान एवं मार्किट प्रधान सेक्टर तीन बिट्टू मित्तल, नगर पार्षद वार्ड 13 दुष्यंत बख्शी ने स्वागत किया। मंदिर के बारे में जानकारी देते हुए मंदिर प्रधान ने मंदिर में हो रहे कार्यों के बारे में बताया। मंदिर में लगने वाले 10 किलो वाट के सोलर पैनल सिस्टम के बारे में चर्चा की। प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने तुरंत सोलर पैनल सिस्टम लगवाने में अपने निजी कोष से 21000 रुपए की दान राशि मंदिर में देते हुए कहा कि सोलर पैनल आजकल अनिवार्य हो गया है।

पूर्व विधायिका रेखा राणा के बेटे बने हलका अध्यक्ष

# कानून व्यवस्था चरमराई, प्रत्येक दिन गोलियों की आवाज गूंज रही: रामपाल

अगर प्रदेश में स्कूल है तो टीचर व किताबें नहीं है, अस्पताल है तो डॉक्टर नहीं है, कानून व्यवस्था चरमरा गई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि आज प्रदेश के दुर्गति होती जा रही है। अगर प्रदेश में स्कूल है तो टीचर व किताबें नहीं है। अस्पताल है तो डॉक्टर नहीं है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। प्रतिदिन गोलियों की आवाज गूंज रही है। गैंगस्टर के डर से यमुनानगर जिले में शराब के ठेकों की बोली नहीं हुई और बदमाशों ने शाहबाद ओर जींद में शराब ठेकेदारों की हत्या की गई है।



घरौंडा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा।



घरौंडा। इनेलो के कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

रविवार को प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा पूर्व विधायिका रेखा राणा व इनेलो नेता मनिंदर सिंह राणा के निवास स्थान पर हल्का स्तरीय बैठक में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कुछ कार्यकर्ता दूसरे दलों को छोड़कर इनेलो में आस्था जताई है। पार्टी ने पूर्व विधायक स्वः रमेश राणा व पूर्व विधायिका रेखा राणा के बेटे मनिंदर राणा को हल्का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि हरियाणा में इनेलो आज विपक्ष की भूमिका अदा कर रही है और मजबूती से अपना जनाधार बढ़ा रही है । प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि चुनावों में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाना लगभग तय था, लेकिन कांग्रेस की गुटबाजी ने अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को हरवाने का काम किया । गुटबाजी के कारण कांग्रेस आज तक नेता प्रतिपक्ष नहीं बना पाई और न ही अपना संगठन खड़ा कर सकी । राहुल गांधी को जिला अध्यक्ष बनाने के लिए आना पड़ा लेकिन अभी भी संगठन नहीं बना।

प्रदेश सरकार पर सवाल खड़े करते हुए पूर्व विधायिका रेखा राणा ने कहा कि पोस्टर जारी करने से अपराध और अपराधी खत्म नहीं होंगे । हरियाणा में रोज हत्याएं हो रही है गैंगस्टर खुलेआम धमकी दे रहे है। अपराधियों के डर सें जगह जगह पुलिस नाके लगे हुए हे, जिनसे आमजन परेशान हे उन्होंने कहा कि आज कोई भी वर्ग सुखी नहीं है। सरकार की गलत नीतियों के चलते हर वर्ग परेशान हो चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नींव खिसकनी शुरू हो गई है और आने वाला समय इनेलो का है।



तरावड़ी। वाटर कूलर का शुभारंभ करते परिषद के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# भारत विकास परिषद ने लगवाया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी की तरफ से सौंकड़ा रोड पर अनाज मंडी गेट के पास वाटर कूलर लगाया गया। यह वाटर कूलर विशाल चौधरी की तरफ से परिषद को भेंट किया गया। विशाल चौधरी ने सौंकड़ा रोड पर वाटर कूलर का शुभारंभ किया।

वाटर कूलर का शुभारंभ होने पर भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के अध्यक्ष योगेश मिड्ढा ने विशाल चौधरी का आभार जताया। सदस्यों ने लड्डू बांटे। विशाल चौधरी ने कहा कि जल सेवा सबसे बड़ी सेवा है। इससे बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि शहर में जगह-जगह वाटर कूलर लगाना भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी का कार्य काबिले तारीफ है। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष योगेश मिड्ढा व सचिव राकेश हंस ने विशाल चौधरी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इनका परिषद को हमेशा सहयोग मिलता है। परिषद के अध्यक्ष योगेश मिड्ढा ने कहा कि गर्मी के मौसम में जल सेवा से बढ़कर और दूसरा कोई पुण्य का कार्य नहीं। सौंकड़ा रोड पर अनाज मंडी गेट के पास भी प्याऊ सभी की प्यास बुझाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष योगेश मिड्ढा, महासचिव राकेश हंस, पीके भारद्वाज, तरुण बंसल, अशोक गोयल, मनोज चौधरी, दीपक गोयल, विशाल चौधरी, कुलदीप, राहुल, नवीन गोयल, पवन समेत कई गणमान्य लोग व सदस्य मौजूद रहे।

# जीवन में अनुशासन, संतुलन और आत्मबल का संचार करता योग : बाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

उदयन शालिनी फैलोशिप कुरुक्षेत्र चैप्टर द्वारा डॉ. सुषमा शर्मा, कन्वीनर और डॉ. रामनिवास, सह-संयोजक के प्रेरणादायक नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शालिनियों के शारीरिक, मानसिक विकास को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में 43 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें यूएसएफ की शालिनियां, उदयन घर के बच्चे तथा आईटी कंप्यूटर कोर्स की छात्राएं शामिल थीं। कार्यक्रम की शुरूआत योग सत्र से हुई, जिसका संचालन डॉ. रजनी बाली कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से आमंत्रित योग विशेषज्ञ द्वारा किया गया।



उन्होंने शालिनियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम की विधियां तथा उनके शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके उपरांत पूर्व शालिनी याशिका द्वारा एक सीवी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने शालिनियों को प्रभावशाली बायोडाटा तैयार करने की प्रक्रिया, उसमें शामिल किए जाने वाले आवश्यक अनुभाग और साक्षात्कार में सफलता प्राप्त करने के लिए उपयोगी सुझाव सांझा किए।

### विद्यार्थियों के समग्र विकास में योग बहुत महत्वपूर्ण : डा. श्रीप्रकाश मिश्र

**थानेसर।** योग स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है। यह एक अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित आध्यात्मिक अनुशासन है, जो मन और



शरीर के बीच सामंजस्य लाने पर केंद्रित है। योग का समग्र दृष्टिकोण जीवन के सभी क्षेत्रों में सामंजस्य लाता है। योग विभिन्न रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और कई जीवनशैली से संबंधित विकारों के प्रबंधन के लिए भी जाना जाता है। 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यार्थियों के समग्र विकास में योग विषय पर आयोजित योग व्याख्यान में यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने इस अवसर बहुत ही उत्कृष्ट विभिन्न योग एवं आसन की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने निरंतर योगभ्यास करने से होने वाले लाभ पर अपने अनुभव भी सुनाए।

# रक्त का अन्य विकल्प नहीं, इसलिए अवश्य करें रक्तदान : अंकित शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- कोशिका संस्था ने पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

राजेन्द्र नगर स्थित नंगली वाली कुटिया में सहयोग एक कोशिका संस्था द्वारा पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। संस्था के प्रधान साहिल गाबा ने बताया कि जिसका शुभारंभ आश्रम के प्रवक्ता महात्मा दिव्यानंद, संत यथार्थ पुरी, संत सिद्धार्थ पुरी ने महाआरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में 200 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मंच का संचालन राजीव चावला ने किया। पंडित अंकित शर्मा ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान



कुरुक्षेत्र। रक्तदाता अंकित शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते आश्रम के प्रवक्ता महात्मा दिव्यानंद।

एक ऐसा पुण्य कार्य है, जिसकी महत्ता तब समझ आती है जब किसी को आपात स्थिति में खून की आवश्यकता होती है। उन्होंने संस्थाओं के सामूहिक प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।

### सरकार का सड़कें गड्ढा मुक्त बनाने का दावा खोखला : कुलदीप जखवाला


**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार द्वारा 15 जून तक सड़के गड्ढा मुक्त करने का दावा



खोखला निकला है। इतना ही नहीं, इससे विकास के दावों की भी पोल खुल कर रह गई है। यह आरोप जननायक जनता पार्टी के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला ने लगाते हुए बताया कि प्रदेश भर में सड़कों की दशा खराब है और घोषणा मात्र घोषणा बन कर रह गई है। कुलदीप जखवाला ने बताया कि हरियाणा सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है, सरेआम गुंडागर्दी और डर का माहौल आम जनता में बना हुआ है। प्रदेशवासी सरकार की कुनीतियों से तंग आ चुके हैं और जजपा की ओर देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र जिला में जेजेपी का सदस्यता अभियान जारी है और 31 जुलाई तक जिले में सभी चारों हल्को में 20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य है। इससे पार्टी को बहुत मजबूती मिलेगी। सभी सम्मानित कार्यकर्ता और पदाधिकारी जोर-शोर से नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने में जुटे हैं।

## अरुणाय की धरा पर गूंजा प्रभु नाम, प्रभात फेरी बनी भक्ति का उत्सव

**पिहोवा।** प्रभु भक्ति की निर्मल सरिता में डूबे पिहोवा की पावन प्रभात बेला आज एक बार फिर दिव्यता और भक्ति से सराबोर हो उठी, जब अरुणाय गांव की पुण्यभूमि पर परम पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज के आशीर्वाद से प्रभात फेरी का आयोजन हुआ। यह दिव्य आयोजन पंडित शम्भूदत्त गौतम परिवार के सौजन्य से संपन्न हुआ, जिसने समूचे वातावरण को भक्ति, श्रद्धा और आत्मिक ऊर्जा से भर दिया। प्रभात फेरी की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन और ह्लॐ नमो भगवते वासुदेवायह्न की गूंज से हुई, जिसने अरुणाय की गलियों को एक आध्यात्मिक तीर्थक्षेत्र में बदल दिया। इन गलियों में गूंजते प्रभु नाम ने बरसाना की गलियों की याद ताजा कर दी। सुरेश वर्मा, सागर कश्यप, विक्की वोहरा, रामफल शर्मा, अमित खुराना, दानी तनेजा, रजनी बेरी व गोल्डी शर्मा आदि गायकों ने अपने भावपूर्ण भजनों से वातावरण को प्रभु भक्ति से भर दिया। इस अवसर पर जय कृष्ण शर्मा, सुभाष



बोहरा, देव पूर्णिमा व सत्यवान सिंदुरिया द्वारा गौतम परिवार को ठाकुर जी का स्वरूप भेंट कर आयोजन की स्मृति को चिरस्थायी बनाया गया।

### मुख्यमंत्री की घोषणाओं का किया स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** 21 जून को आयुष विभाग हरियाणा, हरियाणा योग आयोग एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन व आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा सभी स्थानीय योग एवं समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से आयोजित 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय समारोह के अवसर पर कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर परिसर में मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी द्वारा हरियाणा योग आयोग के सम्मानित चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य की मांग पर की गई घोषणाओं का समूचे योग परिवार ने जोरदार स्वागत किया है। हरियाणा योग आयोग द्वारा नवगठित जिला योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संवर्धन समिति, कुरुक्षेत्र के मानद सचिव एवं भारतीय योग संस्थान हरियाणा प्रांत इकाई के संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई सभी घोषणाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समिति की ओर से उनका धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि योग लेखक प्रोत्साहन योजना से विश्वविद्यालयों में श्रेष्ठ योग शोध व साहित्य सृजन को बढ़ावा मिलेगा । श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के निमार्णाधीन परिसर में अंतर्राष्ट्रीय ध्यान सभागार स्थापित होने से ध्यान पर शोध और कुरुक्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा ।

# कुवि के आईएचएचएस में दाखिले के लिए आए 10 हजार 625 आवेदन

- आईआईएचएस संस्थान में पहली बार शुरू हुए आनर्स कोर्सेज की 20-20 सीटों पर दाखिले के लिए विद्यार्थी रुचि दिखा रहे : पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेशानुसार इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज में विभिन्न प्रोग्राम्स में सत्र 2025-26 में दाखिले के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 21 जून तक 10 हजार 625 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा ने बताया कि विभिन्न प्रोग्राम्स के लिए कुल 10 हजार 625 आवेदन प्राप्त हुए। आनलाईन आवेदन प्राप्त हुए। बीए की 450 सीटों के लिए 1907 आवेदन, बीसीए की 100 सीटों के लिए 1476 आवेदन, बीकॉम. की 120 सीटों के लिए 1156 आवेदन, बीएससी जीव विज्ञान के लिए 644 आवेदन, बीएससी भौतिकी विज्ञान के लिए 500, बीटीटीएम के लिए 276, बैचलर ऑफ साइंस इन होम साइंस में 40 सीटों के लिए 145 आवेदन, एमएससी इकोनॉमिक्स के लिए 61 आवेदन, एमएससी बायोटेक के लिए 194 आवेदन प्राप्त हुए हैं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि आईआईएचएस संस्थान में पहली बार शुरू हुए आनर्स कोर्सेज की 20-20 सीटों पर दाखिले के



लिए विद्यार्थी बहुत रुचि दिखा रहे हैं। आनर्स के लिए बीएससी विद मेजर इन कंप्यूटर विज्ञान के लिए 670 आवेदन, बीएससी विद मेजर इन जूलॉजी के लिए 462 आवेदन प्राप्त हुए। बीए विद मेजर इन अंग्रेजी के लिए 374 आवेदन, बीएससी विद मेजर इन रसायन के लिए 451 आवेदन, बीएससी विद मेजर इन गणित के लिए 396 आवेदन, बीएससी विद मेजर इन भौतिकी के लिए 362, बीए विद मेजर इन इतिहास के लिए 269 आवेदन, बीएससी विद मेजर इन वनस्पति विज्ञान के लिए 320 आवेदन, बीए विद मेजर इन मनोविज्ञान के लिए 262, बीए विद मेजर इन इकोनोमिक्स के लिए 277 आवेदन, बीए विद मेजर इन हिंदी के लिए 117 आवेदन, बीएससी विद मेजर इन बायोकेमिस्ट्री के लिए 267 आवेदन तथा बीए विद मेजर इन संस्कृत के लिए 38 आवेदन प्राप्त हुए हैं।



### भारतीय योग संस्थान को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा योग आयोग के कर्मठ एवं ऊर्जावान चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के निर्देशन में 21 जून को कुरुक्षेत्र में आयोजित 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अति भव्य राज्य स्तरीय समारोह में कुरुक्षेत्र सहित पूरे हरियाणा प्रदेश में योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को सराहनीय सहयोग देने व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए भारतीय योग संस्थान को माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा, नायब सिंह सैनी द्वारा सम्मानित किया गया। संस्थान की ओर से जिला प्रशासन द्वारा प्रदत्त यह सम्मान प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने मुख्यमंत्री के हाथों प्राप्त किया।

# नहर में लापता दिव्यांग बुजुर्ग का मिला शव, बीमारी से था परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

गांव काछवा निवासी 65 वर्षीय दिव्यांग अमरचंद का शव रविवार को चमारखेड़ा के पास नहर से संदिग्ध हालातों में बरामद किया गया। अमरचंद बीते 18 जून से लापता थे और उनकी ट्राई साइकिल व छड़ी जटपुरा नहर किनारे मिली थी, जिसके बाद से ही सर्च ऑपरेशन जारी था। अमरचंद गांव में किराने की दुकान चलाते थे और लंबे समय से कई बीमारियों से जूझ रहे थे। मानसिक रूप से भी परेशान रहने के चलते वे अक्सर खुद के जीवन को समाप्त करने की बातें किया करते थे। 18 जून को वे अचानक घर से लापता हो गए थे। रविवार को चमारखेड़ा के पास नहर में उनका शव तैरता मिला, जिसे गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया। परिजनों का मानना है कि वे हाथ-पैर धोने के लिए नहर पर गए होंगे और अचानक चक्कर या झटका आने से नहर में गिर पड़े। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया है और सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है कि मामला आत्महत्या का है या हादसे का। अमरचंद बीते 18 जून से लापता थे और उनकी ट्राई साइकिल व छड़ी जटपुरा नहर किनारे मिली थी तभी से सर्च ऑपरेशन जारी था।

### बालटाल के लिए आज रवाना होगा बर्फानी सेवा मंडल कुरुक्षेत्र का जत्था



**कुरुक्षेत्र।** बर्फानी सेवा मंडल कुरुक्षेत्र का जत्था 23 जून 2025 को दुख भजन मंदिर से पूजा अर्चना के बाद शहर का भ्रमण करते हुए रवाना होगा। इस बार यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त तक रहेगी। बर्फानी सेवा मंडल के ऑफिस में बालटाल कश्मीर में लगने वाले भंडारे के लिए ट्रक लोड हो रहे है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया कॉर्डिनेटर तुषार सैनी ने आकर सभी सेवादारों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान सुरेश कुमार व महासचिव अजय गुप्ता ने उनको स्मृति चिन्ह दिया। इस अवसर पर संदीप सिंगला, चंदन अरोड़ा, डॉ. विष्णु दत्त, गोपाल मित्तल, गोबिंद अरोरा, राहुल सीकरी, बलविंदर सैनी, विनोद कुमार गर्ग, संजू आदि आदि उपस्थित रहे।

विकसित भारत 2047 सम्मेलन का आयोजन करेगा एंटी करप्शन फाउंडेशन

# भारत विकसित देश बनने की राह पर अग्रसर

- राष्ट्र स्तरीय आयोजन में आमजन की भागीदारी पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्र स्तरीय विकसित भारत 2047 सम्मेलन का आयोजन 27 जुलाई को किया जाएगा जिसके अंतर्गत राष्ट्र रत्न अवॉर्ड समारोह भी होगा। कार्यक्रम को लेकर अधिक जानकारी देते हुए एक बैठक में नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि भारत देश विकसित देश बनने की राह की ओर अग्रसर है जिसमें आमजन की भागीदारी अति आवश्यक है।



करनाल। राष्ट्र स्तरीय आयोजन में आमजन की भागीदारी पर चर्चा करते एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने से पहले देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना अति आवश्यक है जिसके लिए एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। लड़ाई लंबी हैं लेकिन असंभव नहीं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा रविवार 27 जुलाई को राष्ट्र स्तरीय विकसित भारत 2047 सम्मेलन का राष्ट्रीय समारोह आयोजित किया जाएगा जिसका शीर्षक विकसित भारत में आमजन एवं युवाओं की भागीदारी रहेगा।इस अवसर पर विजन विकसित भारत 2047 की जागरूकता में विशेष योगदान देने वाली शख्सियतों को राष्ट्र रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत की नींव पर ही विकसित भारत का विजन साकार होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य भारत को उसकी आजादी के 100वें वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इस दृष्टिकोण में विकास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जिनमें आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस विशेष आयोजन में संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों के बुद्धिजीवी भाग लेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ गौरव गाबा, अंतरराष्ट्रीय निदेशक संदीप कुमार एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### प्रतिभा सम्मान समारोह में एसएचओ जयबीर सम्मानित

**पानीपत।** एसडी कालेज के सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में आज सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के प्रिंसीपल को सम्मानित किया गया। जिसमें डीईओ राकेश बुरा, संजय अग्रवाल, एसएचओ जयबीर कुमार, एसके रावल, मनप्रीत कौर, ज्योति अरोड़ा, वेद पराशर, सुदेश जागलान, पूर्ण प्रधान, एडवोकेट राजपाल कश्यप के अलावा सभी समाज के बच्चों को इस 2025 साल में मेरिट लेकर आने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट ओर शील्ड और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक रोहित पुनिया व डायमंड कश्यप रहे। रक्तवीर कृष्ण कश्यप ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चे उत्साहित होते हैं तथा उन्हें आगे बढ़ाने का मौका मिलता है।



### गाबा इंसा ने फिर किया जन्मदिन पर रक्तदान

**पानीपत।** तहसील कैंप निवासी राजकुमार गाबा इन्सां ने हमेशा की तरह इस बार भी अपने जन्मदिन पर डॉ.गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां के बताए अनुसार जरूरतमंद के लिए रक्तदान कर मानवता का फर्ज निभाया। बता दें कि राजकुमार गाबा इन्सां 29 बार से अधिक रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि जब से डॉ.गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां ने रक्तदान के लिए कहा है तब से वह नियमित रूप से रक्तदान कर रहे हैं। राजकुमार इन्सां जो एक करियाणा की दुकान चलाते हैं तथा रक्तदाना के अलावा हर जरूरतमंद की मदद के लिए हर समय तैयार रहते हैं।

### राजनगर में शराब ठेके के विरोध में आए कालोनी वासी

**पानीपत।** राजनगर कॉलोनी में आज शराब ठेके के खिलाफ लोगों का गुस्सा भड़क गया। खासकर महिलाओं ने ठेके के सामने जोरदार हंगामा किया और इसे तुरंत बंद करने की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद हालात काबू में किए। दरअसल हाल ही में इस कॉलोनी में शराब का ठेका खोला गया थाए जिसका स्थानीय लोग शुरू से ही विरोध कर रहे थे। आज सुबह जैसे ही ठेका खुला, बड़ी संख्या में महिलाएं वहां पहुंचीं और नारेबाजी करने लगी। उनका कहना है कि ठेके की वजह से इलाके में असुरक्षा बढ़ गई है। शराब पीकर आने-जाने वाले लोग आए दिन हंगामा करते हैं जिससे महिलाओं और बच्चों को घर से बाहर निकलने में डर लगने लगा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन से मांग की कि इस ठेके को या तो तुरंत बंद किया जाए या फिर किसी दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए।

### बिना विभागीय अनुमति हजारों राशन कार्ड किए ट्रांसफर

# पानीपत में राशन वितरण प्रणाली में बड़ा घोटाला, अधिकारियों पर आरोप

अगर ऐसी कोई बात सामने आती है तो निश्चित तौर पर उसकी जांच करवा कर कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत





पानीपत में राशन वितरण प्रणाली में बड़ी डिजिटली सेंधमारी का खुलासा हुआ है। इस सेंधमारी में खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के भी शामिल होने की बात सामने आई है। इस तरह की एक शिकायत चंडीगढ़ मुख्यालय के अलावा, केबिनेट मंत्री और एंटी करप्शन ब्यूरो सेल को मेल के माध्यम से दी गई है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक का कहना है कि अभी ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की सोमवार को जांच कराई जाएगी। जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी। जिसमें ग्रामीण और शहरी कार्ड धारकों का इधर से उधर ट्रांसफर कर दिया गया। इतना ही नहीं शिकायत में बताया गया है कि चहेते डिपो होल्डर्स को भी लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिन अधिकारियों पर आरोप है, उनकी शिकायत ऊपर भेजी गई है।

मुख्यालय में दी गई शिकायत में शहर के काबड़ीर रोड के रहने वाले गुरमीत सिंह ने बताया कि पानीपत में खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर के पद पर तैनात अधिकारी ने बीते 5 माह के अंदर 5 हजार से 7 हजार राशन कार्ड को ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में और शहरी से ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफर करने की एवज में 300 रुपये प्रति राशन कार्ड रिश्वत के तौर पर ली है। जो राशन कार्ड सरकार नए बनाती है, उन राशन कार्डों को उस वार्ड में न डालकर दूसरे वार्ड के डिपो धारक को 200 रुपये कार्ड के हिसाब से उसका राशन बढ़ाने के लिए उस डिपू होल्डर को दर्ज कर दिए जाते हैं। उन राशन कार्डों के माध्यम से डाला गया सरकारी राशन डिपू होल्डर की मदद से बेचा गया। गुरमीत ने बताया कि यह राशन कार्ड ट्रांसफर करने के लिए कार्ड धारक की या संबंधित वार्ड के एमसी की अनुमति लेनी होती है। ट्रांसफर करने के लिए इन अधिकारियों ने न तो विभाग के आला अधिकारियों से अनुमति ली और न ही जमीनी स्तर पर उपभोक्ताओं की अनुमति दर्ज की गई। सरकार द्वारा दी गई आईडी का दुरुपयोग करके मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। यही आरोप है कि डिपू धारकों के कार्ड बढ़ाए गए हैं, उनसे अधिकारी 20 रुपये क्विटंल के हिसाब से हर महीने कमीशन लेते हैं। यह अधिकारी डिपू होल्डर का जो राशन ट्रांसफर करते हैं, उसमें भी 50 रुपये प्रति क्विंटल डिपो होल्डर कमीशन से लेते हैं। वहीं इस बारे में जब जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नीतू जांगड़ा से बात की गई तो उनका कहना था कि उन्होंने 15 दिन बाद ड्यूटी ज्वाइन की है।

अभी उनके संज्ञान में यह शिकायत नहीं आई है। अगर ऐसी कोई बात सामने आती है तो निश्चित तौर पर उसकी जांच करवा कर कड़ा एक्शन लिया जाएगा।



पानीपत। गुर्जर महापंचायत में मंचासीन गुर्जर नेता। फोटो :हरिभूमि

## धर्मसिंह छौक्कर के पक्ष में महापंचायत, गरजे गुर्जर नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अनाज मंडी में सर्व समाज के सहयोग से अखिल भारतीय गुर्जर समाज सर्वसंगठन व सभाओं द्वारा आयोजित गुर्जर महापंचायत के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंतराम की अध्यक्षता में एक महापंचायत आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंतराम तंवर का महापंचायत में पहुंचने पर पगड़ी पहनाकर कर स्वागत किया गया। महा पंचायत में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड आदि राज्यों से समाज के प्रतिनिधियों नें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। अनन्तराम तंवर ने कहा कि पूर्व विधायक धर्मसिंह छौक्कर को ईडी के अधिकारी द्वारा अपमानित करने का जो कार्य किया था। उससे समाज में रोष है। समाज की मांग है कि उक्त आईडी अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए उसे नौकरी से बर्खास्त किया जाए। अगर सरकार हमारी मांग पर विचार नहीं करती है तो समाज भविष्य में रणनिति बनाकर दिल्ली की कूच करने को मजबूर होगा। वहीं समाज के प्रतिनिधियों के द्वारा एक ज्ञापन डीसी के मार्फत राष्ट्रपति के नाम सौपा गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र प्रधान ऋषिपाल कसाना, पूर्व प्रधान नरेश आर्य, प्रकाश राठी, सतपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, शरणजीत सिंह, अरुण कुमार, शरणजीत सिंह, एडवोकेट नरेंद्र गुर्जर, मोहन लाल, जयरामपुर, सुरेश कुमार क्योडक़, मांगेराम, रामरतन गुर्जर, अजीत सिंह व सुभाष आदि मौजूद रहे।

# सकोरा वितरण अभियान हुआ संपन्न

■ सेवा के कार्यों का यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा : प्रकाश छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत । राजस्थानी परिवार सेवा समिति के सकोरा वितरण अभियान के संपन्न समारोह में मौजूद समिति के सदस्य

प्रकृति संरक्षण व पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य से राजस्थानी परिवार सेवा समिति का विभिन्न पार्कों तथा मोहल्लों में चलाए गए सकोरा वितरण अभियान का आज समापन समारोह सेक्टर 11 में ग्रीन पार्क में मेगा सकोरा वितरण कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। प्रधान नरेश आचार्य ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पानीपत में सैकड़ों सकोरे वितरित किए गए।

जिससे गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी की सुविधा मिल सके। मुख्य अतिथि उद्योगपति अशोक गुप्ता व विशिष्ट अतिथि ग्रीन पार्क के प्रधान डा. जीसी गुप्ता रहे। समिति के सदस्यों ने अतिथियों का पगड़ी व पटके से सम्मान किया। कार्यक्रम में परिवार से राजेंद्र खुराना, बलदेव खुराना, पीडी चौधरी, अमृत वर्मा, बजरंग सिंह, राकेश मूंदड़ा, कैलाश शर्मा, सुशील गोयल, लक्ष्मण सैनी व तिलक सपड़ा व समिति सदस्यों ने शहर के कोने कोने में जा कर सकोरे बांटे। परिवार के संरक्षक वेद प्रकाश छाबड़ा ने बताया राजस्थानी परिवार सामाजिक कार्य में हमेशा अग्रणी रहता है तथा यह सिलसिला भविष्य में भी जारी रहेगा।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद से प्रवीण गुप्ता ,अनुज गोयल, ग्रीन पार्क योगा क्लास से डॉ.प्रेम आनंद, जीएल छाबड़ा, सियाराम गुप्ता, हरि ओम तायल, दीपिका, सुमेर सिंह, एडवोकेट मनोज डुमरा, रितेश सिंह, मोती लाल जिंदल, वेणु गोपाल सोनी, मुकेश जोशी, सुरेश मूंदड़ा आदि उपस्थित रहे।

## इन्नर व्हील मिड टाउन को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार, बना मेगा स्टार क्लब

■ प्रधान डॉ.अनु कालड़ा चुनी गई प्लेटिनम प्रेसिडेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत । इन्नर व्हील मिड टाउन की प्रधान डा.अनु कालड़ा व अन्य सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त करते हुए। फोटो : हरिभूमि

इन्नर व्हील मिड टाउन सदैव ही सेवा कार्यों में पानीपत में अग्रणी संस्थाओं में रहा है और हर प्रेसिडेंट ने अपने कार्यकाल में अपने स्तर पर बेहतर देने का प्रयास किया है। इस साल अनु कालड़ा के मार्गदर्शन में क्लब ने जोन 308 में सर्वश्रेष्ठ का पुरस्कार प्राप्त किया है। कंचन सागर के लगाए इस नन्हे पौधे ने आज एक वट वृक्ष का रूप ले लिया है। प्रधान अनु कालड़ा ने मेहनत मार्गदर्शन व अपनी टीम के सहयोग से 210 प्रोजेक्ट्स करने में सफलता पाई। क्लब को मोहाली में आयोजित जोन 308 के 40वें कार्यक्रम मणिका में 13 से ज्यादा केटेगरी में सर्वश्रेष्ठ क्लब के साथ मेगा स्टार क्लब भी चुना गया। क्लब की प्रधान डॉ.अनु कालड़ा, सचिव डॉ.स्वाति गोयल व सह सम्पादिका डॉ.दीप्ति जैन ने क्लब की तरफ से इस कार्यक्रम में शिरकत की और 13 केटेगरी में सर्वश्रेष्ठ क्लब की ट्रॉफी पाई। डा.अनु कालड़ा ने आज अपनी और क्लब की सफलता के लिए अपनी पूरी टीम और खासकर कंचन सागर, सीमा बब्बर, रितिक, मुक्ता नागपाल, स्वाति गोयल व दीप्ति जैन के इलावा शहर के प्रशासनिक अधिकारियों, सहयोग करने वाली स्थानीय समाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व विशेषकर मीडिया बंधुओं का आभार व्यक्त किया।



पानीपत । समारोह में मंचासीन इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### इनेलो किसान सैल के जिला प्रधान बने राजू नांदल

**पानीपत।** इनेलो ने आज किसान सैल की जिला कार्यकरणी की घोषणा यहां रोड़ धर्मशाला में आयोजित एक समारोह में की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा पहुंचे। जिनका जिला पदाधिकारियों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत व पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। रामपाल माजरा ने जिला किसान सैल की मंच से घोषणा करते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष राजेश नान्दल उर्फ राजू नान्दल डाहर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शमशेर सिंह, चत्तर सिंह आटा, उपाध्यक्ष नुरदीन, अख्तर अली, विक्की राम पहलवान, संदीप, लाभ सिंह, राम किशन बबैल, सूरजमल अलुपुर, सोनू शर्मा सुताना, प्रधान महासचिव प्रवीन भादड़, महासचिव सुरेश देहरा, वेद सिंह बुढनपुर, कृष्ण पहलवान बुड़शाम, कर्ण सिंह कवि, गजे सिंह नारा, सचिव रामभज झट्टीपुर, लाभ सिंह धनसौली, सुखबीर मलिक राजा खेड़ी, दलबीर, ईश्वर बडौली, कृष्ण नरवाल औसर, संगठन सचिव विरेन्द्र राणा विद्यानन्द कॉलोनी, प्रचार सचिव डॉ.सुभाष पांचाल धमीजा कॉलोनी, कोषाध्यक्ष गुरमीत सिंह गढ़ सरनाई को बनाया गया है। जबकि हल्का समालखा प्रधान शीशपाल उर्फ पालू नंगला पार, पानीपत ग्रामीण हल्का प्रधान हवा सिंह आसन कलां, हल्का इसराना प्रधान राजेश जागलान नौल्था को बनाया गया है।

## खाना शरीर की और योग आत्मा की भूख मिटाता है : रिचा खुराना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पार्क में योग करते योग साधक। फोटो :हरिभूमि

योग दिवस वाले दिन पूरी दुनिया में योग के दौरान ऐसा लगा जैसे सभी योगी एक ही परिवार के हों। ना कोई देश, ना भाषा की सीमा ना कोई धर्म ना जाति सभी ने मिलकर योग किया। यह बातें सुभाष बजाज ने कल हुए योग दिवस के बाद आकर अपनी क्लास में कहीं। उन्होंने कहा कि सारी सीमाएं लांघ कर आज देश-विदेश में योग का डंका बज रहा है। दिल्ली से पधारी सीमा छाबड़ा ने कहा कि बाबा रामदेव के पतंजलि से घर-घर योग पहुंचा है। जिससे योग साधना में तेजी आई है। रिचा खुराना ने कहा कि योग ऐसी चीज है जो खाने से पहले की जाती है। खाना शरीर की भूख मिटाता है और योग आत्मा की भूख मिटाता है। अशोक अरोड़ा ने जिला स्तर पर स्टेडियम में योग कराया। रामपाल शर्मा जो कुरुक्षेत्र राजकीय योग कार्यक्रम में थे, उन्होंने आकर बताया कि कुरुक्षेत्र के अंदर कहीं भी कोई रास्ता नहीं था जहां योग करने वाले ना नजर आ रहे हों। पानीपत के प्रभारी डॉ. शेषपाल ने तो यहां तक कहा कि योग से तो हर चीज ठीक होती होती है बिमारी ही नहीं नियत भी नेक होती है। महिला प्रभारी राज दहिया ने कहा कि योग के लिए हम रात को हम 1 बजे पानीपत से बस में चले हमें यह महसूस नहीं हुआ कि हम रात 1 बजे कहीं जा रहे हैं, ऐसा योग का जुनून था।

## खबर संक्षेप

### रंग मंच कला संगम के दूसरी बार प्रधान बने रमेश मल्होत्रा



**पानीपत।** रंगमंच कला संगम की बैठक पार्षद अनिल मदान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से रमेश मल्होत्रा को दूसरी बार प्रधान चुना गया। बैठक में कोषाध्यक्ष सुलेख जैन ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वहीं महासचिव यश गुप्ता ने वर्ष भर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। बैठक में रंगमंच कला संगम को अपने पुरुषार्थ से बुलंदियों पर पहुंचने वाले बुजुर्गों को सम्मान देने के लिए उनके चित्र कार्यालय में लगाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में चेयरमैन कृष्ण लाल मोंगा माधव खन्ना, चंदगी राम प्रजापत, विनोद पांचाल, संजय ठाकुर, देवेंद्र दत्ता, इसरार साबरी, मनोज जिंदल, चांदराम पूनिया, सतीश तागरा, अशोक लूथरा, अरुण शर्मा, सुमित गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### मंत्री कृष्ण बेदी के हक में एकजुट हुआ वाल्मीकि समाज

**पानीपत।** जिला का वाल्मीकि समाज कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के साथ खुलकर आ गया है। विभिन्न वाल्मीकि संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों ने जींद में भीम आर्मी के कुछ शरारती तत्वों द्वारा मंत्री कृष्ण बेदी का पुतला फूंकने की घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह घटना दलित समाज में दूरी पैदा करने व समाज में विघटन पैदा करने की साजिश है। इस अवसर पर प्राण रत्नाकर, सत प्रकाश वैद्य, धीरज प्रधान, महेन्द्र सिंह राणा, राजेश बोहत, रॉकी गहलोत पार्षद, रमेश कुमार,ओम प्रकाश भुम्बक, राजीव रिडलान व रविन्द्र मंडल आदि उपस्थित रहे।

### शांति का एक दशक, एकता का ये भव्य क्षण : श्री श्री रविशंकर



**पानीपत।** आर्ट आफ लिविंग की हरियाणा स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में हजारों लोगों ने गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यह कोलंबिया में एक दशक की शांति का प्रतीक था। दस वर्ष पूर्व एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में कोलंबियाई सरकार और एफएआरसी गुरिल्ला समूह के बीच एक शांति समझौता हुआ था, जिससे दशकों पुराने सशस्त्र संघर्ष का अंत हुआ। इस शांति प्रक्रिया में गुरुदेव ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बोगोटा में योग दिवस का नेतृत्व करते हुए गुरुदेव ने कि हमें योग को केवल एक शारीरिक व्यायाम मानने की भूल नहीं करनी चाहिए।

### श्री अमरनाथ सेवा शक्ति मंडल ने लगाया भंडारा



**समालखा।** श्री अमरनाथ सेवा शक्ति मंडल समालखा का 26वां विशाल भंडारा हर वर्ष की तरह चंदनवाड़ी कश्मीर में लगाया जाएगा।मंडल के सचिव शीलू गर्ग ने बताया कि 22 जून को एक ट्रक राशन सामग्री के साथ पचास सेवादारों की टीम रवानगी होगी।तीन ट्रक राशन सामग्री 27 जून कोरेलवे रोड़ से रवाना की जाएगी।मंडल के सभी सदस्य हर वर्ष चंदवाड़ी कश्मीर में भंडारा लगाते हैं।सभी बाबा बर्फानी के दर्शन करने वाले यात्रीयों की सेवा करते हैं।यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त रक्षा बंधन तक होगी। इस अवसर पर चेयरमैन दिनेश सिंघल,प्रधान रामचंद्र बंसलउपप्रधान मनोज सिंघल,सचिव शीलू गर्ग,कैशियर बोबी मित्तल,पुनीत बंसल,संजय जैन सफीदों,संदीप,सुरेश,रिंकू मुरथल से धर्मवीर फरीदाबाद, रामा फरीदाबाद,सोनू शर्मा दिल्ली,अशोक शर्मा दिल्ली,परवीन गौतम,सतपाल सिंघल,रिशु सिंघल,बेदू,इशांक सिंगल,विकी भगवती आदिउपस्थित रहे।

### सरकार को न तो युवाओं के रोजगार की चिंता और न ही प्रदेश के लोगों की सुरक्षा की चिंता

भाजपा सरकार बदमाशों को पकड़ने की बजाय उन्हें हरियाणा छोड़ने की बात कह रही

# अफसरों पर सीएम का कंट्रोल न होने से प्रदेश की सारी व्यवस्था बिगड़ी : दिग्विजय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत । कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दिग्विजय चौटाला। फोटो :हरिभूमि

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि आज भाजपा सरकार में प्रदेश के हालात बेहद खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को न तो युवाओं के रोजगार की चिंता है और न ही प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षा की चिंता। दिग्विजय ने हरियाणा की बदहाल कानून व्यवस्था पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि सुबह भाजपा सोशल मीडिया के माध्यम से बदमाशों को चेतावनी देती है और उसी दिन जींद में युवक की गोलियां मारकर हत्या व दो सगी बहनों को गोलियां मार दी जाती है। दिग्विजय ने हैरानी जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार बदमाशों को पकड़ने की बजाय उन्हें हरियाणा छोड़ने की बात कह रही है। वे आज पानीपत में जेजेपी के युवा जोड़ो अभियान के तहत युवाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान दिग्विजय की मौजूदगी में अनेक युवाओं ने जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आज बदमाशों को न तो पुलिस का डर है और न ही उन्हें सरकार की चेतावनी का भय। उन्होंने कहा कि खराब कानून व्यवस्था को लेकर जो हालात पहले उत्तर प्रदेश का होता थाए वैसा खराब माहौल आज हरियाणा का हो गया है। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज युवा भी भर्तियां रद्द होने, सीईटी आवेदन फर्जीवाड़े, पक्की नौकरी नहीं मिलने के कारण खासा परेशान है। शिक्षण संस्थानों में छात्र अपने हकों को लेकर आंदोलनरत हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

#### बेकसूर छात्रों पर लाठीचार्ज किया

दिग्विजय ने कहा कि एचएयू के बेकसूर छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया, लेकिन सरकार ने अभी तक दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। दिग्विजय ने युवाओं से आह्वान किया कि आज युवा वर्ग को संगठित होकर जेजेपी के साथ जुड़ना होगा ताकि हम सब मिलकर हरियाणा को बदलाव की दिशा में ले जा सके। उन्होंने कहा कि आज जेजेपी को लेकर युवा वर्ग में खासा उत्साह है और सदस्यता अभियान के तहत बढ़ चढ़कर युवा पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। कार्यक्रमों की अध्यक्षता देवेंद्र सिंह कादियान ने की। उनके साथ पार्टी के प्रदेश युवा जजपा के प्रभारी रणधीर चीका, फूलपती, जिलाध्यक्ष रामनिवास पटवारी, प्रैस प्रवक्ता अजय सिंह बिंझौल, कप्तान जागलान, सोहन लाल बठला, कृष्ण चंदौली, ओमबीर जागलान, बलराज देशवाल व राजेंद्र जैलदार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बिजली अदालत का होगा आयोजन

**अंबाला।** अंबाला शहर के उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय बलदेव नगर में 24 जून 2025 को प्रात 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली अदालत आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे।

### विकास प्रशिक्षण केंद्रों की होगी शुरुआत

**अंबाला।** जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् के तत्वावधान में लघु बाल भवन, नारायणगढ़ की स्थापना उपमंडल मुख्यालय के लघु सचिवालय की द्वितीय मंजिल पर की जा रही है। यह पहल हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् की उपाध्यक्ष सुमन सैनी व मानद महासचिव डॉ. सुषमा गुप्ता के दिशा-निर्देशन मे कि जा रही है।

### बाल पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**अंबाला।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिला बाल संरक्षण इकाई , महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए अब नामांकन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन कर सकते हैं।

### खेती से बढ़ती है उर्वरक शक्ति

**अंबाला।** उपनिदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग डॉ. जसविन्द्र सिंह सैनी ने बताया कि प्राकृतिक खेती जो भूमि की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य पूर्ण जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें दिखाती है कि कैसे हम पारंपरिक और प्रकृति आधारित तरीकों से कृषि कार्य कर सकते है। प्राकृतिक खेती से भूमि की उर्वरक शक्ति बढ़ती है।

### उत्साह के साथ मनाया गया योग दिवस

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर का आयोजन महाविद्यालय की एनसीसीतथा एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने बताया कि स्वास्थ्य के लिए योग बेहद जरुरी है।

### रिटायर्ड अधिकारी पर लूट के इरादे से हमला

**अंबाला।** अंबाला छावनी के सेक्टर-34 के पास कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से रिटायर दिव्यांग प्रवर्तन अधिकारी सतनाम सिंह पर तीन नकाबपोश बदमाशों ने चाकू से हमला कर लूट का प्रयास किया। विद्या नगर वासी सतनाम सिंह अपने मित्र, हरियाणा पुलिस से रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर देशराज के साथ सैर कर रहे थे। सूनसान इलाके में घात लगाए बदमाशों ने सतनाम सिंह पर चाकू से हमला किया। इस दौरान देशराज ने पास के जलघर से सुरक्षा गार्ड को बुलाया जिसके बाद बदमाश भाग गए। बदमाश सतनाम सिंह के हाथ का सोने का कड़ा और अंगूठी लूटने में असफल रहे।

# बरसात से किसानों के खिले चेहरे, धान की रोपाई में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

रविवार सुबह कस्बे और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में हुई मूसलाधार बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई। करीब सुबह 10 बजे शुरू हुई यह बारिश लगभग एक घंटे तक लगातार होती रही, जिससे जहां खेतों में नमी आई वहीं कई जगहों पर जलभराव की समस्या भी देखने को मिली। पिछले कई दिनों से पड़ रही गर्मी और उमस ने आमजन का जीना मुहाल कर रखा था। तापमान लगातार 42 डिग्री सेल्सियस के पार जा रहा था जिससे खेत सूख रहे थे। धान की रोपाई का कार्य प्रभावित हो रहा था। ऐसे में रविवार की बारिश ने किसानों को न केवल राहत दी बल्कि उनके लिए उम्मीद की नई किरण भी लाई है। दरअसल इस समय धान की रोपाई का कार्य चल रहा है। बरसात न होने से धान की रोपाई में देरी हो रही थी। जिस धान की रोपाई की जा चुकी थी वह पानी की कमी की वजह से सूखे की मार झेल रहा था। इससे किसान हजारों रूपए खर्च कर खेतों में उगाई गई विभिन्न फसलों को लेकर चिंतित थे। बरसात से खेतों व गलियों को लबालब कर दिया।

## मुख्य बाजार व गलियां जलमग्न, भीषण गर्मी से मिली राहत

### फसलों को भी मिलेगा लाभ

किसान तेजपाल, रतन सिंह, कुलदीप सिंह, सोमपाल, नरेश कुमार, परमाल सिंह ने बताया कि रविवार को पड़ी बरसात से किसानों को अत्यधिक लाभ हुआ है और समय पर धान की रोपाई किए जाने से जहां समय की बचत होगी वहीं आर्थिक लाभ भी होगा। उन्होंने कहा कि जिन खेतों में गन्ना की फसल की लगाई गई है। उसमें भी फायदा होगा। अब बारिश होने से खेतों में पानी लबालब भर गया है जो फसलों के लिए लाभदायक है। धान के साथ-साथ गन्ने, चारा, सब्जी की फसलें के लिए बारिश संजीवनी साबित हुई है। बरसात ने खेतों के साथ-साथ कस्बा की गलियों को भी लबालब कर दिया। बारिश से लोगों को जहां उमस भरी गर्मी से निजात अवश्य मिली लेकिन यहां पानी निकासी न होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर मुख्य बाजार में दुकानों के सामने व वार्ड न. 15-16 सहित अन्य कई वार्डो में वर्षा के पानी से गलियां लबालब हो गई। सीवरेज ओवरफ्लो हो गया। दुकानों के सामने पानी भरने से मजबूरन दुकानदारों को अपनी दुकानें बंद करनी पड़ी।तेज बरसात से मौसम पूरी तरह से सुहावना बन गया और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। कुल मिलाकर इस अचानक हुई बरसात ने जहां किसान समुदाय को बड़ी राहत दी है। शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या को फिर से उजागर कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे खेती के लिए वरदान माना जा रहा है तो शहरी क्षेत्रों में नगरपालिका की तैयारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



अंबाला। बरसात से मुख्य बाजार की सड़क हुई लबालब व खेतों में जमा पानी।

## फर्जी डाटा के जरिये काटे जा रहे परिवारों के बीपीएल राशन कार्ड,

# न कभी कार खरीदी न परिवार में किसी को चलानी आती, काट दिया बीपीएल कार्ड

### दिव्यांग बोला लंबे समय पहले बेच दी कार फिर रिकॉर्ड में कार मालिक दर्ज

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

प्रदेश में बड़े पैमाने पर बीपीएल परिवारों के राश्न कार्ड काट दिए गए। ऐसे में उन लोगों को अधिक परेशानी उठानी पड़ी जिनके बीपीएल राश्न कार्ड को गलत डाटा दिखा कर काट दिया गया। अब ऐसे परिवार दोबारा से अपने कटे हुए राश्न कार्ड को बनवाने के लिए सीएससी सेंटरों के चक्कर काट रहे है। ऐसा ही एक मामला आया है गांव सुभरी का। यहां खेती-बाड़ी कर जीवन-यापन करने वाले बलदेव सिंह का नाम भी बीपीएल सूची से हटा दिया गया।

जबकि उनकी वार्षिक आय फैमिली आईडी में 1 लाख 80 हजार रुपये दर्ज है। पीड़ित बलदेव सिंह को जब पता चला कि उनका बीपीएल राशन कार्ड कट गया है तो वे पास के सीएससी सेंटर पर इसकी जानकारी लेने गए। उन्हें पता चला कि उनके नाम पर कार रजिस्टर्ड है इसलिए उनका नाम बीपीएल परिवारों की सूची से हटा दिया गया है। बलदेव सिंह हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि अब तक कार खरीदी ही नहीं और न ही उन्हें या उनके परिवार में से किसी भी व्यक्ति को कार चलानी आती है। फिर यह कार उनकी फैमिली आईडी में कैसे जुड़ गई।

इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। जब उन्होंने अपने तौर पर उस कार के नंबर के बारे में पता किया तो पता चला कि यह कार गांव कंबासी में किसी बलदेव सिंह नाम के व्यक्ति की है। बलदेव सिंह की माने तो उसके परिवार में वह दोनों पति-पत्नी, एक बेटा, उसकी पत्नी व पोता है। किसी को भी कार चलानी नहीं आती, इसके बावजूद भी सरकार ने उन्हें कार का मालिक बना दिया है।



बराड़ा। जानकारी देते हुए पीड़ित बलदेव सिंह।

### गलत जानकारी से कट रहे राश्न कार्ड

बता दें कि यह केवल अकेले बलदेव सिंह का ही मामला नहीं है। इलाके में ऐसे कई लोग हैं जिनका राशन कार्ड बिना किसी सूचना के सिर्फ गलत जानकारियों के आधार पर काट दिया गया है। लोगों को यह पता ही नहीं चल रहा कि आखिरकार ऐसी भ्रामक और तथ्यहीन जानकारियों उनकी फैमली आईडी में कौन और कहां बैठकर जोड़ रहा है। लोग कह रहे हैं यह सीधे सरकार के सिस्टम का फेलियर है।

### फैमिली आईडी बनी परेशानी का कारण

प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई फैमली आईडी प्रणाली शुरू में लोगों को योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से लागू की गई थी। लेकिन अब यह खुद एक भ्रम और परेशानी का कारण बनती जा रही है। कई मामलों में फैमिली आईडी में बिना जानकारी के गलत आंकड़े अपडेट हो रहे हैं, कभी किसी के नाम पर कार, तो कभी किसी के नाम पर ट्रैक्टर, तो कभी किसी की वार्षिक आय का गलत अनुमान लगाकर उसकी आय बढ़ी दिखा दी जाती है। इससे उनका राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन जैसी योजनाओं से लाभ मिलना बंद हो गया है। गांव तंदवाल के दिव्यांग व्यक्ति फिरोज ने बताया कि वह अपनी गाडी को कई साल पहले बेच चुका है। वह गाडी किसी दूसरे के नाम भी हों चुकी है। इसके बावजूद भी अभी तक गाडी को उसकी फैमली आई डी में दिखाया जा रहा है। उसके राश्न को बंद किया जा चुका है। फैमिली आईडी वाली वेबसाइट में वह अपने दिव्यांग वाले प्रमाण प्रत्र को पिछले एक महीने से अधिक समय से जोड़ने का प्रयास कर रहा है लेकिन साइट में आने वाली तकनीकी समस्या आ रही है।

### जनता की नहीं सुन रही सरकारः चौधरी

लोकसभा सांसद वरूण चौधरी ने कहा कि सरकार जनता की नहीं सुन रही। फैमिली आईडी की समस्याओं को लेकर जनता परेशान है। सूबे के शिक्षा मंत्री को जब अंग्रेजी भाषा में दिक्कत हुई तो उन्होंने सब कार्य हिंदी में करने के लिए कह दिया। पूर्व शिक्षा मंत्री ने भी उनका समर्थन कर दिया। गांव के भोले-भाले लोग जो ऑनलाइन, कंप्यूटर जैसी चीजों की बारीकियों को नहीं समझ पा रहे हैं। उनके बारे में सरकार नहीं सोच रही है।

## 2000 लीटर पानी जमा करने की योजना

# रेलवे की ओर से किया जाएगा जल संचय केंद्र का निर्माण

- रेलवे यात्रियों को भी किया जाएगा जागरुक, रेलवे स्टेशन पर रोज ट्रेनों की सफाई में व्यय होता है 1200 लीटर पानी
- इस पानी को संचय करने के बाद पेड़-पौधों आदि के लिए इस्तेमाल किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लगातार गिर रहे भू-जल के स्तर को देखते हुए रेलवे ने जल संचय करने का फैसला किया है। इसके लिए जलसंचय केंद्र का निर्माण किया जाएगा। रेलवे कॉलोनी में इसके निर्माण के लिए योजना तैयार की जाएगी, जिससे कि ट्रेनों को धोने और स्टेशन पर साफ-सफाई के लिए इस्तेमाल होने वाले लगभग दो हजार लीटर पानी को संचय किया जा सके। इस पानी को संचय करने के बाद पेड़-पौधों आदि के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

यह योजना व्यर्थ पानी के संग्रहण में काफी कारगर सिद्ध होगी जोकि समय के अनुसार भू-जल की कमी को भी पूरा करेगी। दरअसल अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के यार्ड में ट्रेनों को धोने के लिए रोजाना 1200 लीटर पानी की खपत हो रही है। रेलवे परिसर, शौचालय, रेलवे ट्रैक व प्लेटफार्म को धोने के लिए 800 लीटर पानी खर्च होता है जिससे कि स्टेशन साफ व स्वच्छ रहे।

इस पानी को बचाने के लिए पूर्व में भी कई योजनाएं बनाई गई जोकि किसी कारणवश सिरे नहीं चढ़ पाईं। लेकिन मौजूदा डीआरएम जल संचय को लेकर काफी गंभीर नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में पूरी जानकारी मांगी है कि उनके पास कितने जलस्त्रोत हैं और अगर इमरजेंसी पड़ी तो पानी का प्रबंध कहां से होगा। इन सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आंकलन करने के बाद विस्तृत योजना पर होने वाले खर्च व स्वरूप का खाका तैयार किया जाएगा।रेलवे स्टेशन पर पानी की बर्बादी को रोकने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

राथमिक चरण में ट्रेनों और रेलवे स्टेशन की सफाई में लगे कर्मचारियों को पाठ पढ़ाया जाएगा कि वो किस प्रकार पानी की बचत कर सकते हैं। दूसरे चरण में यात्रियों को जागरूक किया जाएगा कि अगर उन्हें प्लेटफार्म पर या अपने आसपास कहीं भी पानी की बर्बादी नजर आती है तो वो इसकी जानकारी स्टेशन मास्टर को दें। वहीं पानी के प्रबंधन में लगे विभागीय कर्मचारियों को भी पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

डीआरएम विनोद भाटिया ने बताया कि लगातार गिर रहे भू-जल को देखते हुए जल संचय को लेकर योजना तैयार की जाएगी, जिससे कि व्यर्थ बहने वाले पानी का भी सही इस्तेमाल किया जा सके। इस संबंध में आंकड़ों के आधार पर जानकारी जुटाई जा रही है। आंकलन के बाद इसका विस्तृत खाका तैयार किया जाएगा।

# आतंकवाद का अंत करने के लिए एक बार फिर काली को होना होगा प्रकट

- रामबाग ग्राउंड में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में अंतिम दिन भारी संख्या में जुटे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के रामबाग ग्राउंड में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथा व्यास साध्वी अदिति भारती ने मां मनसा की महिमा, शुंभ निशुंभ व रक्तबीज वध, गायत्री महिमा जैसे प्रसंगों से श्रद्धालुओं को अवगत करवाया। साध्वी ने बताया की अहंकार रुपी शंभू निशुंभ जैसे दैत्यों का अंत करने के लिए मां ने काली रूप धारण किया। रक्तबीज नामक आतंकी सेनापति का अंत कर मां ने शुंभ-निशुंभ का अंत किया। उन्होंने बताया यह रक्तबीज और कोई नहीं समाज समाज को आतंकित करने वाला आतंकवाद ही है। इनका अंत करने के लिए एक बार फिर काली क को प्रकट होना होगा। सतगुरु ही ब्रह्मज्ञान प्रदान कर उस काली को एक मानव के भीतर प्रकट करते हैं। उसकी मानसिकता का समूल रूपांतरण कर देते हैं। साध्वी ने बताया की सर्व आशुतोष महाराज ने 1980 के दौरान इसी ब्रह्मज्ञान की खड्ग से पंजाब के युवाओं में पनप रहे आतंकवाद के बीजों का अंत किया।



अंबाला। श्रद्धालुओं के साथ कथा का शुभारंभ करती साध्वी।

# चातुर्मास हेतु धूम धडाके से हुए युवा जैन मुनि का मंगल प्रवेश

- शोभायात्रा के साथ महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली, अगले चार महीने तक जैन मुनि करें साधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

धनौरा में पावन पर्व चातुर्मास हेतु रविवार को जैन संत करुणा मूर्ति,शांति मूर्ति,सेवा शिरोमणि आलोक मुनि व श्रमण गौरव,वाणी भूषण, युवा कर्मठ संत अमन मुनि मंगल प्रवेश बहुत धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए धनौरा स्थित एसएस जैन सभागार में पहुंचे। शोभायात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु पटका पहनकर नाचते गाते हुए स्थानक में पहुंचे। जैन संत अमन मुनि ने सभी श्रद्धालुओं को चातुर्मास के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में चातुर्मास का बड़ा महत्व है। इन चार महीनों में जैन संत एक ही स्थान पर रहकर साधना और पूजा पाठ करते हैं। साथ ही इस दौरान सूक्ष्म जीव ज्यादा पैदा होते हैं। इससे मनुष्यों के ज्यादा चलने या उठने बैठने से जीवों की हत्या होती है। इसलिए जैन संत इन चार महीनों के लिए एक ही जगह ठहर जाते हैं। जैन धर्म में चातुर्मास एक आध्यात्मिक पर्व है। यह किसी बाह्य क्रिया कांड का नाम नहीं अपितु जीवन जीने की कला का पर्व है। जैन धर्म में चातुर्मास कोई औपचारिकता नहीं अपितु यह जीवन निर्माण का एक अवसर प्रदान करता है। चातुर्मास को वर्षावास भी कहते हैं। वर्षा ऋतु के कारण जलभराव से जंतुओं की उत्पत्ति अधिक हो जाती है। उनकी रक्षा के लिए तथा धर्म-साधना के लिए चातुर्मास करने का शास्त्रीय विधान है। जैन धर्म में यह परंपरा अत्यंत प्राचीन है। भगवान महावीर ने स्वयं चातुर्मास किए थे। भगवान महावीर ने अपने चातुर्मासों में जीव, जगत और निर्वाण आदि अत्यंत गहन विषयों पर गवेषणा की थी। चातुर्मास में महापर्व संवत्सरी का आगमन भी होता है। यह एक अलौकिक पर्व है।



मुलाना। शोभायात्रा के जरिए जैन मुनि का अभिनंदन करते श्रद्धालु।

# हुड्डा की भाजपा से सैटिंग, बेटे के सिवाय कोई दूसरा नहीं आता नजर

- जजपा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने भाजपा-कांग्रेस पर बोला हमला, कहा प्रदेश में गुंडाराज, सीएम ठेकों की नीलामी के लिए पुलिस से कर रहे हैं मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

जननायक जनता पार्टी के युवा जोड़ों अभियान के तहत जजपा युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने रविवार को गांव सोहाना, दोसड़का, थंबड़, महमूदपुर नूरपुर में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। महमूदपूर गांव में आयोजित कार्यक्रम में दिग्विजय चौटाला ने कहा कि पार्टी के युवा जोडों अभियान को भरपुर समर्थन मिल रहा है। क्योंकि युवा नेतृत्व वाली केवल जननायक जनता पार्टी ही है। दिग्विजय ने मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में अब अपराध का माहौल है। हर रोज कहीं कहीं न कहीं हत्या हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे है कि शराब के ठेके बिकवाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को कुरूक्षेत्र में पुलिस वाले बिठाकर मीटिंग लेनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रशासन पर नियंत्रण ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तो बैठे हैं लेकिन मुख्यमंत्री की पॉवर कोई ओर चला रहा है। जब तक मुख्यमंत्री पूरी पॉवर अपने हाथों में नहीं लेते प्रदेश के हालात नहीं बदलेंगे।

## मातेश्वरी जगदंबा को बीके बहनों ने दी श्रद्धांजलि, उनकी याद में बनाया आध्यामित्क ज्ञान दिवस

# मम्मा यज्ञ के रत्नों में निस्वार्थ प्रेम की प्रतिमूर्ति थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्रह्माकुमारीज की प्रथम प्रशासनिक प्रमुख मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती मां के 60वें स्मृति दिवस पर ब्रह्म कुमारी राजयोग केंद्र दयाल बाग में ब्रह्माकुमार-कुमारियों ने एकत्रित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दिवस को आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। अंबाला सब ज़ोन निर्देशिका राजयोगिनी बीके आशा दीदी ने कहा कि /"मम्मा यज्ञ के आदि रत्नों में सबसे श्रेष्ठ रत्न हैं। जो पवित्रता और निस्वार्थ प्रेम की प्रतिमूर्ति थी। उनके चेहरे पर मातृवत प्रेम झलकता था। वे सभी के लिए उच्च दृष्टि रखती थी। उन्हें आत्मसम्मान में रहने में मदद करती थी। यद्यपि वे बहुत छोटी थी फिर भी सभी उन्हें हृदय से 'मम्मा' कहते थे। यहां तक कि उनकी अपनी मां भी उनकी पवित्र शक्तिशाली दृष्टि कई लोगों के हृदय को पिघला देती थी। उन्होंने कई लोगों को नया जीवन दिया। कई लोगों को उनकी दृष्टि से ही नई स्वर्णिम दुनिया के दिव्य दर्शन हुए। उनकी विवेक शक्ति अद्भुत थी। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने मम्मा का इतिहास बताते हुए कहा वे प्रेम और शांति का दिव्य दूत थी जोकि 1919 में देश की पवित्र भूमि पर अवतरित हुई। राधे एक रत्न बालिका थी जिसका जन्म अमृतसर में माता रोचा और पिता पोखर दास के घर हुआ था। बचपन से ही राधे की बुद्धि बहुत तेज थी। उसका व्यक्तित्व बहुमुखी प्रतिभा का था। राधे ने मैट्रिक तक हैदराबाद (सिंध) के कुंदन मॉल मॉडल स्कूल में शिक्षा प्राप्त की। वह हमेशा हर कक्षा में अव्वल आती थी और गायन और नृत्य में भी उतनी ही निपुण थी। राधे की मां और मौसी अपने पतियों को खो चुकी थी। घर पर शोक मना रही थी तभी उन्होंने गीता सत्संग में जाना शुरू किया। यहां दादा लेखराज गीता के श्लोकों का सार समझाया करते थे। अपनी मां और मौसी के जीवन में परिवर्तन का चमत्कार देखकर राधे उनके साथ गीता सत्संग में जाने लगी। जब उसने पहली बार दिव्य ज्ञान सुना तो उसका मन खुशी से झूम उठा। उसकी रुचि फैशन की गुड़िया से प्रेम और शांति की परी बनने में बदल गई क्योंकि उसने ओम का जाप करना शुरू कर दिया। सभी उसे ओम राधे कहने लगे। ओम राधे - अपने समर्पण, त्याग और अथक सेवा के कारण मातेश्वरी या मां के रूप में जानी जाने लगीं। अपने पूरे जीवन में, उन्होंने अपने मधुर और दिव्य गीतों और प्रवचनों के माध्यम से कई लोगों के दिलों को खुशी से नचाया। उन्होंने आध्यात्मिक जीवन द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्थायी आनंद की तुलना में कामुक जीवन की निरर्थकता को समझा।



अंबाला। मातेश्वरी को श्रद्धांजलि अर्पित करती बीके बहनें।